हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 4 जुलाई 2026



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
04 जुलाई 2026
कूपन नं.
6

## खबर संक्षेप

### हिन्दू राष्ट्र संगोष्ठी का आयोजन कल

**राजनांदगांव।** दिव्य सत्संग एवं हिन्दू राष्ट्र संगोष्ठी का आयोजन 5 जुलाई को शाम 4 बजे गणेश मंदिर मिथिलाधाम बैलापसरा राजनांदगांव में आयोजित होगा। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता आदित्यवाहिनी छग के प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार दुबे एवं अवधेश नंदन श्रीवास्तव अपने विचार रखेंगे। आयोजकों ने बताया कि संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य दिव्य सत्संग तथा पदाधिकारियों का मनोनयन है। कार्यक्रम का नारा हम भारत भव्य बनाएंगे, हम हिन्दू राष्ट्र बनाएंगे रखा गया है। आगंतुकों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई है।

फार्म हाउस भूमि बेचना हैं
50 डिसमिल भूमि जिसका फ्रंट 155 है। तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मार्ग से 200 मीटर अन्दर डामर रोड पर ग्राम मुड़पार स्थित बेचना है।
- संपर्क करें -
9243901653

## हजारों क्विंटल धान गायब, परिवहन के बाद भी ढ़ेरों समितियों में शार्टेज

# मिलान शुरू: अब तक 30% समितियों में मिला शॉर्टेज, कमीशन से होगी वसूली

## समिति को खरीदी के एवज में मिलने वाली राशि से होगी कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

जिले की धान खरीदी समितियों में इन दिनों हड़कंप मचा हुआ है। धान खरीदी के आंकड़ों, परिवहन और मौके में मौजूद वास्तविक स्टॉक के बीच चल रहा मिलान कार्य किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा कराई जा रही इस कड़क जांच में अब तक जो नतीजे सामने आए हैं, वे बेहद चौंकाने वाले हैं। अब तक जांच की गई समितियों में से लगभग तीस फीसदी समितियों में धान का भारी शॉर्टेज यानी कमी पाई गई है। जबकि अभी जिले की 70 समितियों की जांच होना बाकी रह गया है। बड़ी बात यह है कि खरीदी के दौरान बंदरबांट करने वाले लोगों की बजाए समितियों से वसूली होगी। जिसके चलते किसानों की सहकारी समितियां कर्ज में चली जाएगी।

इस पूरे मामले में जिले की कुल 96 समितियों में मिलान का कार्य किया जाना तय हुआ था। लगभग दो हफ्ते पहले प्रशासन ने इस भौतिक सत्यापन और मिलान के कार्य की शुरूआत की थी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अब तक 25 समितियों की बारीकी से जांच पूरी हो सकी है। इस शुरूआती जांच में 25 समितियों में से 17 समितियों में शून्य शॉर्टेज पाया गया है, लेकिन बची हुई आठ समितियों में स्टॉक का बड़ा अंतर सामने आया है, जो सीधे तौर पर लापरवाही या गड़बड़ी की तरफ इशारा करता है। बचे हुए काम को लेकर अधिकारियों ने बताया है कि आगामी सात से दस दिनों के भीतर जिले की सभी शेष समितियों में भी मिलान का कार्य पूरी तरह से संपन्न कर लिया जाएगा। इसके लिए विशेष टीमें लगातार ग्राउंड पर काम कर रही है।

विभाग ने साफ कर दिया है कि जिन भी समितियों में स्टॉक का यह अंतर पाया जाएगा, उसकी भरपाई सीधे तौर पर उनके मिलने वाले कमीशन से की जाएगी। समितियों को धान खरीदी के बदले जो शासकीय कमीशन राशि जारी की जाती है, उसी में से इस कमी की शत-प्रतिशत वसूली का फैसला लिया गया है। वसूली समितियों से होने से वह कर्ज में चली जाएगी।



### भाजपा नेताओं ने बनाया दबाव

परिवहन के दौरान भी जिले की कई समितियों में बड़ी मात्रा में शार्टेज देखने को मिला था। जिसके बाद दो से तीन समितियों पर एक्शन भी हुआ, लेकिन नेताओं का संरक्षण होने के चलते बाद फिलहाल कार्रवाही थम गई है। सूत्रो की माने तो स्थानीय नेताओं ने राजधानी पहुंचकर शीर्ष नेताओं से कार्रवाही रोकने के लिए गुहार लगाई है। इस मामले में कुछ भाजपा नेताओं की संलप्तिता भी सामने आ रही है।

### समितियों की चरमराएगी व्यवस्था

जिन समितियों में शॉर्टेज मिला है, उनका कमीशन रोकने के आदेश से समितियों के भीतर दैनिक खर्चों का संकट खड़ा होने की आशंका है। समितियों को मिलने वाले इसी लाभांश से वहां के कर्मचारियों का वेतन, बारदाने का रखरखाव और अन्य व्यवस्थाएं संचालित होती है। अगर यह पूरी राशि शॉर्टेज की भरपाई में चली गई तो आने वाले दिनों में समितियों का कामकाज पूरी तरह ठप हो सकता है। जबकि अधिकांश समितियों में व्यक्तिगत रूप से धान का वारा-न्यारा किया गया है। ऐसे में उनसे वसूली होनी चाहिए।

### खामियाजा भुगतेंगे किसान

इस पूरे मामले में सबसे बड़ी बात यह है कि ढ़ेरों समितियों में प्रबंधकों और वहां तैनात प्राधिकृत अधिकारियों ने मिलकर धान का जमकर बंदरबांट किया है। इस मिलीभगत की लगातार शिकायतें प्रशासन तक पहुंच रही थी। ऐसे में नियमों का हवाला देकर दोषियों से व्यक्तिगत तौर पर वसूली करने के बजाय सीधे समितियों के खाते से वसूली की जा रही है। इसका सीधा और बुरा असर समितियों की वित्तीय स्थिति पर पड़ेगा। जिससे अंततः आम किसानों को मिलने वाली सुविधाएं और उनका लाभांश प्रभावित होगा।

### मिलान से सामने आएगी सच्चाई

जिले में जून के दूसरे पखवाड़े से ही धान खरीदी करने वाली सहकारी समितियों के मिलान की शुरूआत कर दी गई थी। शुरूआती दौर में उन समितियों तक मिलान की टीमें पहुंची है, जहां पहले से ही शून्य शार्टेज की जानकारी सामने आई थी। जबकि विभागीय सूत्रों के अनुसार अब शेष समितियों में अधिकांश वह समितियां हैं, जहां शार्टेज मिलने की प्रबल संभावनाएं है। बताया गया कि अगले 7 से 10 दिनों में शत-प्रतिशत मिलान कार्य होने के बाद शार्टेज को लेकर बड़ा मामला सामने आ सकता है।

# कोटवारों ने किया धरना प्रदर्शन, राजस्व विभाग में संविलियन की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कोटवार एसोसिएशन द्वारा राजस्व विभाग में संविलियन, मानदेय वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर फ्लाई ओवर के नीचे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।

कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के बैनर तले तहसील स्तर पर कोटवारों ने धरना प्रदर्शन करते अपनी मांगे पूरी करने नारेबाजी की। कोटवार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष लोम सिंह ने कहा कि कोटवारों का नियमितीकरण करते राजस्व विभाग में संविलियन किया जाए। वहीं उन्होंने मांग करते कहा कि कोटवारों को 15 हजार रुपए मासिक मानदेय दिया जाए।

**कलेक्टर दर पर पारिश्रमिक वृद्धि की मांग:** धरना प्रदर्शन के माध्यम से कोटवारों ने कोटवारों को नियमित करते कलेक्टर दर पर मानदेय वृद्धि किए जाने, राजस्व विभाग में संविलियन करने, कोटवारों के पारिश्रमिक राशि में वृद्धि करते न्यूनतम 15 हजार रुपए मासिक देने की मांग की है। धरना प्रदर्शन के दौरान राजनांदगांव तहसील क्षेत्र के कोटवार मौजूद थे। जिन्होंने अपनी मांग रखी है।

### 15 अगस्त तक का दिया गया समय

धरना प्रदर्शन करते कोटवार संघ की उपाध्यक्ष दुर्गाबाई रंभाड़ ने कहा कि वर्तमान में 6000 से घर का गुजारा करना मुश्किल हो गया है। बच्चों की स्कूल फीस से लेकर अन्य खर्च पूरे नहीं हो पा रही है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द मांगे पूरी करते पारिश्रमिक मानदेय में बढ़ोत्तरी करने आग्रह किया है। वहीं उन्होंने बताया कि यदि 15 अगस्त तक मांगे पूरी नहीं होती है तो राजधानी रायपुर में प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा।

### कोटवारों का पद नियमित नहीं

अपने प्रदर्शन में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कोटवारों ने कहा कि 26 वर्ष प्रदेश के निर्माण को हो गए, पर प्रदेश के कोटवारों का पद अभी तक नियमित नहीं हुआ है। वहीं कोटवारों की पारिश्रमिक राशि कलेक्टर दर पर वृद्धि नहीं किया गया है। जिसकी वजह से कोटवारों को अर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



## खबर संक्षेप



### अतुल का एकलव्य में चयन

**सड़क अतरिया।** नर्मदा विद्यालय नर्मदा के छात्र अतुल कुमार मेरावी का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय राजनांदगाव के लिए हुआ है। छात्र काफी होनहार एवं लगनशील है। छात्र के चयनित होने पर विद्यालय संचालक पुलेन्द्र जंघेल, देव कुमार, घनाराम शिक्षक एवं माता पिता ने बधाई दी है।

### उपचार के लिए आर्थिक सहायता

**मोहला।** मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से गंभीर एवं दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित पात्र परिवारों को उपचार के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को अधिकतम 25 लाख तक की सहायता दी जाती है। जानकारी के अनुसार जिले में योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 9 हितग्राहियों को 4 लाख 50 हजार तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 3 हितग्राहियों को 40 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर लाभान्वित किया गया है।

### प्रार्थना शेड का भूमिपूजन

**छुरिया।** ग्राम पंचायत भंडरपुर के आश्रित ग्राम बिसाहूटोला में 10 लाख की लागत से बनने वाले प्रार्थना शेड का भूमिपूजन जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव ने किया। कार्यक्रम में रविन्द्र वैष्णव, उत्तराबाई निषाद, सरपंच सीमा चंद्रवंशी, शकुन गंधर्व, मंगलदास साहू, संतराम साहू, मनीष साहू, यशोदा पटेल, दुर्योधन साहू, कुमदास साहू, अलखराम यादव, चेतनराम पटेल, धनराज चंद्रवंशी, हरिचंद, कमलाबाई चंद्रवंशी सहित अन्य शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति वैष्णव ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, सामाजिक अधोसंरचना के विकास और जनसुविधाओं को मजबूत करने निरंतर कार्य कर रही है। गांवों का विकास ही समृद्ध छत्तीसगढ़ की आधारशिला है।



### किसानों को उन्नत खेती का प्रशिक्षण

**डोंगरगढ़।** एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के सहयोग से समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित एचआरडीपी परियोजना अंतर्गत विकासखंड के 15 चयनित ग्रामों में किसानों की आय वृद्धि एवं टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उन्नत किस्म के धान बीजों का वितरण किया गया। इस अवसर पर किसानों को बीज उपचार, वैज्ञानिक पद्धति से धान की खेती, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, फसल सुरक्षा तथा उन्नत कृषि तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में परियोजना प्रबंधक भैया सिंह झरे, सोशल मोबिलाइजेशन ऑफिसर नंदलाल साहू, कृषि विशेषज्ञ दिव्या रानी कश्यप, सीआरपी राजिंदर कौर सहित किसान शामिल हुए।



### नशा मुक्ति का संकल्प

**तुमड़ीबोड़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति पर जागरूक करते हुए शपथ दिलाया गया। नशे के विरुद्ध सघन जन जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम प्रभारी थंगेश्वर साहू एवं स्टॉफ ने छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को नशे से दूर रहने एवं स्वस्थ समाज निर्माण के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर ने छात्र-छात्राओं को नशा से दूर रहने प्रेरित किया। इस मौके पर असीम यदु, अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, रेखा मुरकुटे, राजेश नेताम, जानकी वल्लभ तंबोली, जितेंद्र कश्यप, नोहर लिल्हारे, पालकराम वर्मा , हरिश्चंद्र यादव, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर आदि मौजूद थे।



### भाजपा संगठन की मजबूती पर चर्चा

**डोंगरगढ़।** जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने टीम के साथ गत दिनों मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अमित जैन से मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। ग्रामीण मंडल की बैठक में शामिल होने से पहले हुई इस चर्चा में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी आदि विषय शामिल थे। चर्चा के उपरांत सभी ग्रामीण मंडल की बैठक में शामिल हुए। बैठक में संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं के समन्वय और आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई।



### बैठक में सामाजिक मुद्दों पर मंथन

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के तत्वावधान में वैष्णव मंडल डोंगरगढ़ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष पूरनदास वैष्णव, महामंडलेश्वर मुरलीशरण वैष्णव, उपमहासचिव अशोक वैष्णव एवं उपाध्यक्ष गणेशदास वैष्णव शामिल हुए। इस दौरान अमित वैष्णव, भुनेश्वर वैष्णव, विनोद वैष्णव, आशुतोष वैष्णव, दिलीप वैष्णव, नीलेश वैष्णव, चंद्रमोहन वैष्णव, भरत वैष्णव सहित अन्य बैठक में शामिल हुए। इस दौरान समाजहित से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। बैठक के प्रथम चरण में ढारा केंद्र की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें योगेश वैष्णव को केंद्र अध्यक्ष, शिव वैष्णव को उपाध्यक्ष, मनोहर दास वैष्णव को सचिव तथा भूषण वैष्णव को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में मंडलेश्वर अमित वैष्णव ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। प्रांतीय पदाधिकारियों ने समाज को एकजुट रहने तथा सामाजिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



## निधन



### चन्द्रप्रकाश तिवारी

**डोंगरगढ़।** नगर के प्रतिष्ठित चंद्रप्रकाश तिवारी का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिजनों एवं सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।

---

अंचल में बने अवर्षा के हालात, तेज गर्मी से लोगों का बुरा हाल

# बादल रूठे, बोनी अटकी, चिंता में किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

आषाढ़ माह के तीन दिन गुजर गए हैं किंतु अब तक अपेक्षित बारिश नहीं होने से जुताई और बोनी कार्य गति नहीं पकड़ गया है। मौसम की बेरुखी को देखते हुए दिन गुजरने के साथ किसानों की चिंता बढ़ने लगी है।

उल्लेखनीय है कि जून के आखिरी हफ्ते तक खेतों में पानी भरने के बाद किसान जुताई और बोनी करने में व्यस्त हो जाते है किन्तु इस बार हालात उलट नजर आ रहे हैं। जिन किसानों के पास सिंचाई के साधन है वह रोपा तैयार कर रहे है किन्तु भीषण तापमान के चलते उन्हे पौधों को बचाने के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। गर्मी के कारण धान की छोटे पौध झुलस रहे हैं।

### रकबा घटने की आशंका

पिछले साल की तुलना में इस साल जून के अंत तक धान की बुआई का रकबा कम होने की आशंका है।सिंचाई सुविधा वाले किसानों के सामने बड़ी समस्या यह भी है कि वह पर्याप्त बिजली नहीं मिलने के कारण ट्यूबवेल से सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि चालू पखवाड़े में बेहतर बारिश नहीं हुई, तो धान की रोपाई पिछड़ जाएगी जिसका सीधा असर पैदावार पर पड़ेगा। मौसम के रूख को देखते हुए कृषि विभाग किसानों को कम अवधि में पकने वाले धान या ऐसी फसल लगाने की सलाह दे रहे है जो जल्दी तैयार हो और ज्यादा पानी की जरूरत न पड़े। विभाग का कहना है कि पानी की कमी को देखते हुए किसानों को परंपरागत रोपाई के बजाय धान की कतार बोनी करना चाहिए जिसमें कम पानी लगता है। वहीं पानी की किल्लत को देखते हुए किसानों को मूंग, उड़द या तिलहन फसलों की खेती करने प्रेरित किया जा रहा है जो कम समय और कम पानी में पककर तैयार हो जाती हैं।

## विभाग की सलाह, कम दिनों वाली फसल लगाएं



### आषाढ़ लगते ही धान की रोपाई शुरू

सड़क अतरिया। क्षेत्र में आषाढ़ माह शुरू होते ही धान रोपाई शुरू हो गया है। जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने भी अपने खेतों में परंपरा अनुसार अन्नपूर्णा एवं धरती मां की विधि विधान से पूजा अर्चना कर रोपाई शुरू किया। ज्ञात हो कि आषाढ़ माह शुरू होने के बाद भी मानसूनी बारिश नहीं हुई है। बीते सप्ताह भर से हल्की बारिश हो रही है। किसानों को तेज बारिश का इंतजार है। कुछ किसान खेतों में बोर से पानी भर कर धान की रोपाई कर रहे है किन्तु बहुसंख्यक किसानों को बारिश का इंतजार है। कृषि विभाग ने मौसम को देखते हुऐ कम अवधि में पकने वाले धान की बोआई करने का सलाह किसानों को दी है।

---

# विकसित भारत-जी राम जी योजना का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

वीबी जीरामजी योजना के शुभारंभ समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रतासिंह थी।

उक्त मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमती सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-जी राम जी योजना ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना के तहत गांवों के विकास कार्य ग्रामसभाओं के प्रस्ताव के आधार पर संचालित होंगे। स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजना का क्रियान्वयन होगा। श्रमिकों को अब समय पर मजदूरी भुगतान किया जाएगा। योजनांतर्गत अब ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा तथा दैनिक मजदूरी 300 रूपए दी जाएगी। रोजगार नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान योजना में किया गया है। जिपं अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठना चाहिए।

### फलदार पौधों का वितरण

जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर ने योजना के उद्देश्य, प्रावधानों एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। इस अवसर पर दस हितग्राहियों को फलदार पौधों रोपण हेतु प्रदान किए गए। दो हितग्राही को खाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिपं सदस्य लखन कलामे, नरसिंग भंडारी, दिलीप वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

---


# भोलापुर सड़क बदहाल, बच्चे व ग्रामीण मुश्किल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

भोलापुर- बैरागीभेडी सड़क बदहाल हो गई है। इस सड़क का 2007-08 में डामरीकरण हुआ था। निर्माण के बाद से उपेक्षा होने के कारण यह सड़क अब जर्जर हो गई है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो जाने से लोगों का आवागमन कठिन और जोखिमपूर्ण हो गया है। बरसात शुरु के साथ ही मार्ग की स्थिति गंभीरत होते जा रही है।

जानकारी के अनुसार भोलापुर बैरागीभेड़ी मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, किसान ,व्यापारी, कर्मचारी आवागमन करते हैं। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोलापुर में अध्ययनरता छात्र-छात्राओं को सड़क के जर्जर होने से सर्वाधिक परेशान होना पड़ रहा है।

सड़क पर जहां तहां पानी भरने से विद्यार्थियों के फिसलने और दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है।



### स्वीकृति का इंतजार

लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री नीलकंठ लसेल ने बताया है कि शासन को सड़क मरम्मत कार्य का प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति प्राप्त होने के बाद कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

### शिकायत की अनदेखी

चमेली ठाकुर, मोहित सिन्हा, पूर्णानंद साहू, शिशुपाल साहू, हिमाचल चतुर्वेदी, मुकेश साहू आदि ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की दुर्दशा से कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों, विधायक, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य आदि को अवगत करा चुके हैं। सुसाशन त्यौहार के दौरान भी शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक जीर्णोद्धार की पहल नहीं की गई है। लोगों में इस बात को लेकर भी नाराजगी है कि बार-बार मांग करने के बावजूद जिम्मेदार विभाग समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है। पांडेटोला के नकुल नेताम, कुमार साहू, टेकराम साहू, कीर्तन साहू, बेदराम साहू आदि ने बताया कि सड़क पर गढड़े होने के कारण दोपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कत होती है। बारिश के दौरान कीचड़ और जलभराव के कारण पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। क्षेत्र के लोगों ने भोलापुर-पाण्डेटोला मार्ग की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

---

# गुलशन, राजीव, दयानंद बने एल्डरमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव





राज्य शासन ने नगर पालिका परिषद में तीन नए एल्डरमैन की नियुक्ति की है, जिसके तहत नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी, राजीव वैष्णव और दयानंद सेन को एल्डरमैन मनोनीत किया गया है।

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है।नियुक्ति की खबर आते ही तीनों नेताओं के समर्थकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। नवनियुक्त एल्डरमैनों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह शहर के विकास और जनसमस्याओं के निराकरण के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

स्थानीय पार्षदों और नागरिकों का मानना है कि इन तीनों के मनोनयन से नगर पालिका का वर्तमान में चल रहे कामकाज के तौर तरीके में सुधार आएगा। उल्लेखनीय है कि पालिका को कुछ चुनिंदा लोग चला रहे है और बहुसंख्यक पार्षद वर्तमान कार्यप्रणाली को देखते हुए किनारे गए है।

### नगर पंचायत एल्डरमैन नियुक्त

गंडई पंडरिया। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर पंचायत गंडई में तीन एल्डरमैन की नियुक्ति की है। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष टेकन देवांगन, मंडल कोषाध्यक्ष राकेश जायसवाल और भाजपा कार्यकर्ता अशोक देवांगन को एल्डरमैन बनाया गया है। इस नियुक्ति के बाद भाजपाइयों में उत्साह का माहौल है। मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए तीनों एल्डरमैन को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि तीनों ही पार्टी के प्रति पूर्ण निष्ठावान रहे हैं। उनकी कार्यक्षमता और निष्ठा को देखते हुए संगठन ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन नियुक्तियों से कार्यों में गति आएगी।





---

# शाला प्रबंधन समिति पुनर्गठित

**सड़क अतरिया।** प्राथमिक शाला बगदूर में शुक्रवार को पालक एवं शिक्षकों की मौजूदगी में शाला प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। सुरेश पटेल को अध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष रोहणी पटेल तथा शिक्षाविद के रूप में शिव पटेल को शामिल किया गया है। सदस्य गनपतराम पटेल, मंगलू यादव, दौलतराम पटेल, गुहलदेहराम पटेल, कमला पटेल, शिव कुमारी पटेल, संगीता यादव, रेखा पटेल, पुसईय्या पटेल, धनकुंवर पटेल, प्रहलाद कुमार यादव, ममता नेताम को बनाया गया है। समिति के सदस्यों ने शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर चर्चा कर योजना बनाई। इस मौके पर शाला परिसर में फल एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।



---

# प्रवेशोत्सव में सांसद ने बच्चों का किया सम्मान



- देश में बदल रही शिक्षा प्रणाली से होगा लाभ : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय में गत दिनों प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय थे। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, चंद्रिका डड़सेना, एमडी ठाकुर, रविन्द्र वैष्णव, जगजीतसिंह भाटिया, कांता साहू, सुरेंद्रसिंह भाटिया, शेखर भारद्वाज, अशोक कुमार, मनभावन सिंह उइके सहित अन्य शामिल हुए।

शुभारंभ के बाद 10 वीं एवं 12वीं के मेधावी बच्चों का सम्मान किया गया। विद्यार्थियों को पुस्तक एवं साइकिल का वितरण किया गया। अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाए। इस मौके पर सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन हो रहे हैं। नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजपूत, जिपं अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने भी संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही विकसित राष्ट्र की आधारशिला है।

उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन का पालन करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर शाला समिति के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, प्राचार्य योगेश साहू ने भी संबोधित किया।

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की वंशिका साहू, खुशबू साहू, खुशी साहू, गायत्री निर्मलकर, ममता नेताम, कक्षा 10वीं की भावना नेताम, देव्यानी सिन्हा, हर्ष साहू सहित विद्यार्थियों को बेहतर अंक के साथ उत्तीर्ण होने पर सम्मानित किया गया। संचालन दाऊद हसन एवं मृदुल पाठक ने किया।

---

# अतिरिक्त काम से पंचायत सचिव परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



पंचायत सचिव संघ ने जनपद सीईओ ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगे रखी है। पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष राजाराम उईके ने बताया कि पंचायत सचिवों को नामांतरण, बंटवारा, विवाह पंजीयन, जन्म मृत्यु पंजीयन, अन्य आन लाइन एंट्री कार्य करना होता है।

उन्होंने बताया कि कुछ पंचायतों के सचिव के पद रिक्त होने पर लगभग 12 सचिवों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अतिरिक्त प्रभार होने के बाद पंचायत सचिवों से अनेक काम कराए जा रहे है जिससे पंचायत के कार्य समय-सीमा में पूर्ण नहीं हो रहे हैं। कई योजनाओं का आनलाइन कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने आदेश जारी किया जा रहा है किन्तु कई सचिवों को कम्प्यूटर का ज्ञान नहीं होने के कारण जानकारी नहीं पूर्ण कर पा रहे हैं जिसे लेकर उच्च अधिकारी नाराजगी जता रहे हैं । सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी या निलंबित किया जा रहा है जिससे अतिरिक्त प्रभार वाले सचिवों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निलंबितों को पूरा वेतन उन्होंने बताया कि कुछ सचिवों को जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में बिना निलंबित किए बैठाकर रखा गया है और वेतन पूरा दिया जा रहा है। वहीं पद रिक्त होने के बाद भी भर्ती के लिए जिला पंचायत ने सूचना जारी नहीं किया है। संघ ने जनपद पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपकर कहा कि इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हे कामबंद कलमबंद हड़ताल पर जाने हेतु मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष राजाराम उईके, रोहित चन्द्रवंशी, केदान सिन्हा, मोरध्वज साहू, नारायण देवांगन, धिरेंन्द्र धरमगुड़े, मनेश रंगारी, उमेन्द्र वर्मा, जयराम वर्मा, नारद सोनवानी, धरमपाल वर्मा, अशोक वैष्णव, दशोदा सिन्हा, निधि यादव, अंजू ठाकुर, रोशनी गढ़वाल, नेमीन वर्मा, पूर्णिमा मंडावी सहित अन्य सचिव मौजूद थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### तिलई मंडल की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** भाजपा के तिलई मंडल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान अंतर्गत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रशिक्षण एवं मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लगभग 250 से अधिक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। आयोजन में संगठनात्मक अनुशासन, कार्यकर्ताओं का उत्साह एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर दृढ़ संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। मुख्य अतिथि जितेंद्र वर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के विचार आज भी संगठन के लिए प्रेरणास्रोत हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता को स्वयं को निरंतर प्रशिक्षित करते संगठन की विचारधारा एवं केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

### जिला भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ की बैठक आज

**राजनांदगांव।** जिला भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ की एक आवश्यक बैठक कल 4 जुलाई को जिला भाजपा कार्यालय में दोपहर 2 बजे से आहूत की गई है। बैठक में प्रकोष्ठ की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा के अलावा सरल एप की जानकारी भी साझा की जाएगी। साथ ही वर्तमान में चल रहे ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी व डिकेश साहू उपस्थित रहेंगे। शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दीपक कुमार सिन्हा ने प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों से अनिवार्य रूप से उपस्थिति की अपील की है।

### द्रुपद को मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष बनाने की मांग

**राजनांदगांव।** निषाद समाज राजनांदगांव संस्कारधानी में निषाद समाज भवन छात्रावास लोकार्पण समारोह सिंगदई में निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक कुंवर सिंह निषाद ने समाज को संबोधित करते सामाजिक व आर्थिक विकास करने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से



निषाद समाज राजनांदगांव के युवा जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद को छत्तीसगढ़ शासन मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष बनाने की मांग की है। इस अवसर पर द्रुपत कुमार निषाद, गिरधर निषाद, चैनकुमार सोनवानी, टीकम निषाद, लोकेश निषाद, सुशीला निषाद, गोदावरी निषाद, पदमनी निषाद, मौजीराम निषाद, मोतीराम निषाद, हरिराम निषाद, चुम्मन निषाद, कृति निषाद, हेमलता निषाद, ओमलता निषाद, दिनेश निषाद, ओंकार निषाद, सचिन निषाद, पन्ना निषाद, झाडूराम निषाद, छगन निषाद, गौतरिया निषाद, हीरासिंग निषाद, कृपाराम निषाद, मनोज निषाद, रामशरण निषाद, बसंत निषाद, पृथ्वी निषाद, परदेशीराम निषाद सहित जिला क्षेत्र व पचगहिया पदाधिकारियों व स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### लखोली में संगोष्ठी आयोजित

**राजनांदगांव।** लखोली वार्ड नंबर 32 स्थित शहरी स्वास्थ्य प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में वर्षा ऋतु में छोटे बच्चे को डायरिया से बचाव के लिए



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन के मार्गदर्शन में संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे का स्वास्थ्य सुरक्षित और उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करना सरकार और समाज दोनों की साझा जिम्मेदारी है। बच्चे को दस्त लगते ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाएं। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश मेश्राम ने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराते बताया कि मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य केंद्र में समुचित इलाज की व्यवस्था की जाती है। पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर ने स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने चर्चा करते लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की। मौके पर ओआरएस पावडर एवं टेबलेट का वितरण किया गया।

### नवप्रवेशी विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए हेल्प डेस्क

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई



01 एवं 02 के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे तथा महाविद्यालय के रजिस्टार दीपक परगनिहा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में नवीन प्रवेश सहायता हेल्प डेस्क लगाया जा रहा है। हेल्प डेस्क का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना, ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने में सहायता करना, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देना तथा उनकी शंकाओं का समाधान करना है। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, विषय चयन, छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महाविद्यालय की अन्य सुविधाओं की भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के ग्रुप क्रमांक 02 स्वामी विवेकानंद के ग्रुप लीडर अमित के साथ 5 स्वयंसेवियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वयंसेवकों ने उत्साह, अनुशासन एवं सेवाभाव के साथ हेल्प डेस्क का संचालन कर रहे हैं तथा महाविद्यालय में आने वाले प्रत्येक विद्यार्थी का मार्गदर्शन कर रहे हैं। इनके साथ अन्य स्वयंसेवक भी प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं सुचारू बनाने में अपना योगदान कर रहे हैं।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी राजाराम को दी बिदाई

**राजनांदगांव।** नगर निगम में अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर जल



विभाग में मजदूर के पद पर कार्यरत कर्मचारी राजाराम साहू को सेवानिवृत्त होने पर नगर निगम में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में बिदाई दी गई। कार्यक्रम में आयुक्त ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया तथा अवकाश नगदीकरण का चेक दिया। बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि स्थानांतरण एवं सेवानिवृत्त सर्विस काल का प्रमुख भाग है। उन्होंने कहा कि राजाराम साहू जल विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग में समर्पित भाव से काम किए। इनके समर्पण भाव को नई पीढ़ी को सीखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्विसकाल में चाहे अधिकारी हो या कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन करने के कारण पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन नहीं कर पाते, किन्तु आज अपने शासकीय दायित्वों से मुक्त हो रहे हैं, इसलिए अब अपने परिवारिक दायित्वों का बखूबी निर्वहन करे। बिदाई समारोह में प्रणय मेश्राम, अनुप पाण्डे, नारायण यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# हाट बाजार के चबूतरा व दुकानों का अनुबंध कराने नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर विकास एवं निगम की आय में वृद्धि के लिए महापौर मधुसूदन यादव, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तथा निगम पदाधिकारी व अधिकारियों के साथ आयुर्वेदिक औषधालय परिसर तथा हाट बाजार का निरीक्षण कर काम्पलेक्स निर्माण और दुकानों के अनुबंध किराये के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान केवरा राय, जैनम बैद, अरूण साहू, शरद सिन्हा व विजय राय उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान यूके रामटेके, ज्योति साहू, गरिमा वर्मा, मोनेन्द्र साठिया, दुर्गा कवर, हितेश ठाकुर, रविन्द्र ठाकुर, द्रोपति हरिहारनो, चिराग मिश्राम, मिलिद रेड्डी, गणेश झा सहित निगम का अमला उपस्थित था।

#### शीघ्र शुरू होगा निर्माण

गुडाखू लाइन स्थित आयुर्वेदिक औषधालय परिसर में शॉपिंग काम्लेक्स निर्माण के लिए महापौर श्री यादव ने स्थल निरीक्षण कर ड्राईंग डिजाईन देख निर्माण हेतु जल्द प्रक्रिया करने तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया। सामान्य सभा के निर्णय अनुसार जर्जर भवन को तोड़ने रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करें। इसके अलावा भवन में रखे सामानों को अन्यत्र शिप्ट करें। उन्होंने दुकानदारों के लीज एवं किराये के संबंध में जानकारी लेकर दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने परिसर में रखे समान जल्द शिप्ट करने तथा परिसर में पेड़ को काटने अनुमति की प्रक्रिया करने तकनीकी अधिकारी को निर्देशित किया।



#### वरना निरस्त होगा अनुबंध

इसी प्रकार हाट बाजार निरीक्षण के दौरान महापौर श्री यादव ने बरसात को देखते जमीन में लगने वाले सब्जी पसरा को चबूतरा में लगाने पसरा वालों को समझाईस देने कहा। उन्होंने कहा कि जिन पसरा का आबंटन हो चुका है और जिन्होंने अनुबंध नहीं कराया है उन्हें अनुबंध कराने नोटिस जारी करें तथा शेष चबूतरों का आबंटन की प्रक्रिया करें। इसके अलावा हाट बाजार में निर्मित व्यवासायिक परिसर के नीलामी के संबंध में जानकारी लेकर जिन दुकानदारों द्वारा अनुबंध नहीं कराया है, उन्हें नोटिस जारी कर अनुबंध करा किराया वसूली करें। अनुबंध नहीं कराने की स्थिति में दुकान एवं चबूतरा निरस्त कर पुनः आबंटन व नीलामी की प्रक्रिया करें।

## यंग इंडियंस पार्लियामेंट का शानदार कार्यक्रम

# सांसद ने पढ़ाया लोकतंत्र का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि देश का भविष्य जागरूक और जिम्मेदार युवाओं के हाथों में है तथा लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने, स्वस्थ संवाद की संस्कृति विकसित करने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उनके साथ कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा सांसद अभिषेक सिंह भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते अपने संसदीय अनुभव साझा किए।

लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को करीब से समझने और युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से राजनांदगांव के युगांतर पब्लिक स्कूल में आयोजित यंग इंडियंस पार्लियामेंट-2026 का दो दिवसीय आयोजन उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने लोकसभा और राज्यसभा की कार्रवाई का जीवंत मंचन कर संसदीय परंपराओं की शानदार झलक पेश की।



#### वास्तविक संसद का अनुभव

आयोजन के दौरान विद्यार्थियों ने सत्ता पक्ष और विपक्ष की भूमिका निभाते हुए राष्ट्रीय, सामाजिक और समसामयिक मुद्दों पर तथ्यपूर्ण एवं तार्किक बहस की। प्रश्नकाल, शून्यकाल, विधेयकों पर चर्चा और सदन की कार्रवाई का प्रभावशाली प्रदर्शन देखकर उपस्थित लोगों को वास्तविक संसद का अनुभव हुआ। आयोजन के दौरान निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की तार्किक क्षमता, नेतृत्व कौशल, संसदीय नियमों की समझ, अभिव्यक्ति शैली और प्रभावी प्रस्तुति का विस्तृत मूल्यांकन किया। विद्यार्थियों का आत्मविश्वास, अनुशासन और विषयों पर गहरी पकड़ पूरे कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही।

#### राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी जरूरी

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडेय एवं पूर्व लोकसभा सांसद अभिषेक सिंह पहुंचे। दोनों ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए अपने संसदीय अनुभव साझा किए। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ संवाद, तार्किक सोच और जनहित के प्रति जिम्मेदारी ही एक मजबूत लोकतंत्र की पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

#### नेतृत्व क्षमता का विकास उद्देश्य

आयोजकों ने बताया कि यंग इंडियंस पार्लियामेंट का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक परंपराओं से जोड़ना, नेतृत्व क्षमता का विकास करना और सार्वजनिक संवाद की संस्कृति को मजबूत बनाना है। इस मंच के माध्यम से विद्यार्थियों को लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को व्यवहारिक रूप से समझने और अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है।

#### लोकतंत्र सिर्फ मतदान तक सीमित नहीं

कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं, बल्कि विचार-विमर्श, संवाद और जिम्मेदार भागीदारी की सतत प्रक्रिया है। यंग इंडियंस पार्लियामेंट-2026 का यह आयोजन भविष्य के जागरूक, जिम्मेदार और सक्षम नागरिकों के निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल साबित हुआ, जहां आने वाले समय के संभावित जनप्रतिनिधियों और नीति निर्माताओं की झलक स्पष्ट दिखाई दी।

# ग्राम पंचायत बुंदेली में दुकान आबंटन पर रोक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत बुंदेली में नवनिर्मित दुकानों के आबंटन मामले ने तूल पकड़ लिया है। अनुविभागीय अधिकारी के न्यायालय ने आबंटन प्रक्रिया पर रोक लगा दिया है। दुकानों के आबंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर पंचायत सवालों के घेरे में है।

पंच संगीता सिंह, प्रमोद सिंह, लालू पाल, तिलक जंघेल, तोशन जंघेल और रामखिलावन जंघेल ने अपनी शिकायत में बताया कि पंचायत निधि से बनी दुकानों का आबंटन नियमों को ताक पर रखकर किया गया है।

शिकायतकर्ताओं का तर्क है कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 और स्थावर संपत्ति का अंतरण नियम 1994 के तहत ऐसी संपत्तियों का आबंटन सार्वजनिक नीलामी के जरिए होना चाहिए था। आरोप है कि शासन की अनुमति और खुली नीलामी के बिना ही चहेते व्यक्तियों को दुकानें आबंटित कर दी गईं।

#### न्यायालय का कड़ा रूख

मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने दुकान आबंटन पर रोक लगा दी थी। अगली सुनवाई के लिए 19 फरवरी 2026 की तारीख तय की गई थी और संबंधित पक्षों को सभी आवश्यक दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए गए थे। जानकारों के अनुसार कुछ जिम्मेदारों और विपक्ष के बयान नही हो पाने के वजह से अभी तक फैसला नही आ सका है।

#### दुकानदारों की सहमति से निर्माण

सरपंच दिवाकर सोनी ने बताया कि जो दुकानदार पिछले 30 वर्षों से काबिज थे, उनकी सहमति से ही निर्माण कराया गया है। दुकान आबंटन से पूर्व आम सभा और पंचायत की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया था कि पूर्व में काबिज दुकानदारों को ही प्राथमिकता दी जाए। एसडीएम कार्यालय में सभी दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना पक्ष रख दिया है। पंच द्वारा लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं।

#### जांच जारी

एसडीएम अविनाश ठाकुर ने बताया कि उक्त मामले का आवेदन प्राप्त हुआ था। फिलहाल जांच की प्रक्रिया जारी है। संबंधितों के बयान लिए जा रहे हैं। बयान प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियमानुसार आदेश जारी किए जाएंगे।

## शिक्षा को बढ़ावा देने की अनूठी पहल

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत परमालकसा में "संकल्प एक प्रयास" संस्था के माध्यम से कक्षा पहली से लेकर कक्षा आठवीं तक के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य गांव के बच्चों को बेहतर शिक्षा, मार्गदर्शन और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ाना है। कोचिंग सतनाम भवन एवं साहू भवन परमालकसा में प्रतिदिन शाम 4 से 7 बजे तक संचालित होगा।

इस कोचिंग सेंटर के माध्यम से बच्चों को केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि सर्वांगीण विकास, व्यावहारिक ज्ञान तथा खेल-खेल में शिक्षा जैसी गतिविधियों से भी जोड़ा जाएगा, ताकि वे शिक्षा के साथ-साथ जीवन कौशल में भी आगे बढ़ सकें।

ग्राम पंचायत की ओर से इस अभियान को विशेष सहयोग दिया जाएगा तथा शिक्षिकाओं को भी पंचायत स्तर पर सहयोग प्रदान किया जाएगा। जिससे बच्चों को निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।




#### सर्वांगीण विकास पर जोर

कक्षा 1वीं से 8वीं तक के बच्चों हेतु निःशुल्क कोचिंग, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर, व्यावहारिक शिक्षा और खेल के माध्यम से सीखने की व्यवस्था, शिक्षा के प्रति ग्राम पंचायत और संस्था की संयुक्त पहल।

## अद्वित्य ने राजपूत क्षत्रिय महासभा का बढ़ाया गौरव

**राजनांदगांव।** समाज उपसमिति राजनांदगांव के बालक अद्वित्य सिंह ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित आईएटी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 405



प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे राजपूत क्षत्रिय महासभा छग 1282 का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि के साथ अद्वित्य का चयन देश के शीर्ष वैज्ञानिक संस्थानों में से एक भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान में हुआ है। यह सफलता उनकी प्रतिभा, कठिन परिश्रम एवं समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। अद्वित्य राजीव गांधी शिक्षा मिशन के ब्लॉक समन्वयक ठाकुर भगत सिंह के सुपुत्र एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय ठाकुर दरबार सिंह के पौत्र हैं। उनकी इस अद्वितीय उपलब्धि पर राजपूत क्षत्रिय महासभा छग 1282 स्वयं को गौरवान्वित महसूस करती है।

### कई किस्मों के पौधे लगाए गए

**राजनांदगांव।** नई सोच सामाजिक संस्था गिधवा द्वारा द्वितीय चरण का वृक्षारोपण संस्था के सलाहकार प्रेमनारायण साहू व संस्था की संरक्षक भारती साहू के सुपुत्र किंशुक के जन्मदिन पर ग्राम गिधवा (घुमका) के मां कर्मा भवन और राव समाज के मुक्तिधाम परिसर में नीम, बरगद, गुलमोहर, बादाम और कदम के पौधे लगाए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नस रोग, साइटिका, दिमाग के विशेषज्ञ प्रत्येक शनिवार शहर में

**बिजनेस साईट**

**राजनांदगांव।** सतनाम भवन नया बस स्टैंड स्थित आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक में मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही है, जहां नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह प्रत्येक शनिवार क्लीनिक में उपलब्ध हो रहे हैं, जो सिर दर्द, ब्रेन ट्युमर, पैरालाइसिस, दिमाग मे खून जमना, नस फटना, दिमाग में चोंट, पैरों में जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी में चोट, घुटनों में दर्द, सर्वाइकल या गर्दन में दर्द, कमर दर्द या साइटिका, मिर्गी या बार-बार दौरे पड़ना, याददास्त का कम होना या जाना, नसो की कमजोरी, हाथ एवं पैरों में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्कीनसन इत्यादि गंभीर रोगों का इलाज कर रहे हैं।

आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में किडनी प्रोस्टेट पथरी एवं मूत्र रोग,(प्रत्येक शनिवार), हृदय रोग(प्रत्येक शुक्रवार), पेट एवं लिवर (रविवार), रोग, निसंतानता एवं स्त्री रोग तथा चर्म, बाल एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ (प्रत्येक बुधवार) अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## बालिका से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर में घुसकर बालिका से छेड़छाड़ करने के मामले की जांच कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 2 जुलाई को प्रार्थिया ने थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने हरिश सोनवानी उर्फ कान्हा को घर से निकलते देखा। पूछताछ करने पर उसकी नाबालिग पुत्री ने बताया कि आरोपी जबरन घर में घुस आया तथा उसकी इच्छा के विरुद्ध हाथ एवं बांह पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा और गलत काम करने की बात कही। पीड़िता द्वारा विरोध एवं शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। रिपोर्ट के आधार पर थाना बसंतपुर में धारा 74, 331(1) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 8 पॉक्सो एक्ट में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।



#### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित की गई। निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। घटना के मात्र 3 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल राजनांदगांव भेजा गया।

### चाकू के साथ युवक पकड़ाया

**राजनांदगांव।** होटल के सामने चाकू लेकर खड़े युवक को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 जुलाई को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ममता नगर राजस्थानी होटल के सामने एक व्यक्ति किसी घटना को अंजाम देने की नीयत से चाकू लेकर खड़ा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची व घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी ने पूछने पर अपना नाम व पता रेमन वर्मा 19 साल ग्राम बिजनापुर बताया।

तलाशी लेने पर एक नग काले रंग का लोहे का धारदार चाकू बरामद हुआ। लोहे का धारदार चाकू एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त कर धारा 25 आर्म्स एक्ट कायम कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। पुलिस के अनुसार आगे भी चाकूबाजों एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

## महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर प्रदर्शन

# महिला मोर्चा ने फूंका विधायक का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती संगीता मिश्रा द्वारा कांग्रेस विधायक इंद्रशाह मंडावी द्वारा महिलाओं एवं जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति की गई कथित अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करते उनका पुतला दहन किया गया।

महिला मोर्चा ने कहा कि किसी भी महिला, जनप्रतिनिधि अथवा प्रशासनिक अधिकारी के सम्मान के साथ खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। महिला मोर्चा ने कहा कि विगत दिनों विधायक इंद्रशाह मंडावी द्वारा जिले की कलेक्टर, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित महिलाओं के प्रति जिस प्रकार की आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि से मर्यादित भाषा एवं शालीन आचरण की अपेक्षा की जाती है, किंतु कांग्रेस विधायक का बयान महिलाओं के प्रति कांग्रेस की वास्तविक मानसिकता को उजागर करता है।



#### माफी मांगे कांग्रेस विधायक

महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष संगीता मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस विधायक इंद्रशाह मंडावी को अपने अमर्यादित एवं अशोभनीय बयान के लिए सार्वजनिक रूप से प्रदेश की माताओं-बहनों, जिले की कलेक्टर, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सहित समस्त महिलाओं से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए।

#### गरिमा को पहुंचाई ठेस

महिला मोर्चा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के मुद्दे पर दोहरी राजनीति की है। महिलाओं के हितों की बात करने वाली कांग्रेस नेताओं के बयान बार-बार महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाते रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। महिला विरोधी सोच और गैरजिम्मेदाराना बयानबाजी कांग्रेस की कार्यशैली का हिस्सा बन चुकी है, जिसे प्रदेश की माताएं-बहनें कभी स्वीकार नहीं करेंगी। महिलाओं का अपमान किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## फर्जी दस्तावेज के आधार पर सिम कार्ड जारी, आरोपी को किया गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** फर्जी दस्तावेज के आधार पर सिम कार्ड जारी करने के मामले में पतासाजी करते घुमका पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक थाना घुमका को वरिष्ठ कार्यालयों से पत्र प्राप्त हुआ कि सिम जारी करने वाले पीओएस कोड आईपीजेड-5 संचालक द्वारा फर्जी तरीके से मोबाइल सिम बेचकर लाभ प्राप्त कर रहा है। पत्राचार पर आरोपी के विरूद्ध 318(4), 61(2) बीएनएस, 66(सी) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### आरोपी पर कार्रवाई

विवेचना के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर निरीक्षक विजय मिश्रा के नेतृत्व में जारी मोबाइल के दस्तावेजों से लोगों से पूछताछ कर एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संचालक नवनीत कुमार साहू 26 वर्ष निवासी गिधवा से पूछताछ किया गया। जिसने फर्जी तरीके से सिम जारी कर कम कीमतों में बेचकर लाभ प्राप्त करना स्वीकार करना बतायाा। आरोपी द्वारा घटना करना स्वीकार करने पर 3 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय में रिमांड हेतु पेश किया गया है।

## विद्यार्थियों को साइकिल, पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का किया वितरण

# मोरकुटुम्ब में शिक्षा मंत्री ने किया नवीन हाईस्कूल भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव आज छुरिया विकासखंड के ग्राम मोरकुटुम्ब में आयोजित विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होकर 75 लाख 23 हजार रुपए की लागत से निर्मित नवीन शासकीय हाईस्कूल भवन का लोकार्पण किया।

उन्होंने निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल, विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश का वितरण कर नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दी। प्रभारी मंत्री ने अगले शिक्षा सत्र से हाई स्कल मोरकुटूम्ब को हायर सेकंडरी स्कूल में उन्नयन करने की घोषणा की।



### सकारात्मक परिणाम सामने आए

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिले में पिछले शिक्षा सत्र में बोर्ड परीक्षाओं का उत्कृष्ट परिणाम रहा। उन्होंने बताया कि कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 89 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए तथा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या में भी वृद्धि हुई। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 1800 अधिक विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की।

### अभिभावकों की सहभागिता आवश्यक

प्रभारी मंत्री श्री यादव ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अभिभावकों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक नियमित रूप से विद्यालय पहुंचकर पालक-शिक्षक बैठक में शामिल हों तथा बच्चों की पढ़ाई और उपस्थिति की जानकारी लें। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा केवल विद्यालय की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि अभिभावकों की भी समान भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता से ही शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार संभव है।

### नियमित विद्यालय भेजे

खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि विद्यालय साधारण स्थल नहीं है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए नियमित विद्यालय भेजने का संकल्प लेने कहा। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि जिले में इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव बच्चों के जीवन का उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायी अवसर होता है। विद्यालय का सकारात्मक वातावरण बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित करता है। बच्चों के सर्वांगीण विकास में परिवार और विद्यालय दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

# सोशल मीडिया में फोटो वायरल, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पीड़िता का न्यूड फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 जून को पीड़िता द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गौरीनगर निवासी शेख अरबाज नामक लड़का द्वारा उसकी न्यूड फोटो को 15 मई को सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के माध्यम से उसके पति एवं परिचितों का भेजकर वायरल करना, पति द्वारा समझाने पर जान से मारने की धमकी देना बताई। रिपोर्ट पर धारा 78, 351 (3) बीएनएस, 67 (ए) आईटी एक्ट कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

मामलें की गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में आरोपी शेख अरबाज 22 साल निवासी गौरीनगर महादेव नगर की पतासाजी कर 2 जुलाई को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया।

### मोबाइल जब्त

जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक एप्पल कंपनी का मोबाइल जब्त कर मामले में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक उपेन्द्र कुमार, सहायक उपनिरीक्षक नंदनी ठाकुर एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।




# फोरलेन भूमि अधिग्रहण में फर्जीवाड़ा तत्कालीन पटवारी मेश्राम निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फोरलेन के लिए पेंड्री में डेढ़ दशक पहले अधिग्रहित की गई जमीन में फर्जीवाड़ा करने वाले पटवारी के खिलाफ एक्शन लिया गया है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर ग्राम पेंड्री स्थित खसरा क्रमांक 368 के राजस्व अभिलेखों में गंभीर अनियमितता पटवारी विनोद मेश्राम को सस्पेंड कर उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए है।

मिली जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव ने प्रतिवेदित किया था कि तत्कालीन हल्का पटवारी विनोद कुमार मेश्राम तथा तत्कालीन राजस्व निरीक्षक लेखराम साहू द्वारा ग्राम पेंड्री के खसरा क्रमांक 368 के अधिकार अभिलेख में वास्तविक रकबे से अधिक भूमि दर्ज कर अतिरिक्त रकबा भूमि अर्जन के पश्चात शेष होना प्रदर्शित किया गया। इसके आधार पर तत्कालीन तहसीलदार के समक्ष भूमि अर्जन की कार्रवाई हेतु प्रकरण प्रस्तुत किया गया था। प्रतिवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि उक्त खसरे का शेष बचा हुआ रकबा बाद में मूल भूमिस्वामी नारायण लाल, पिता हीरालाल द्वारा विक्रय कर दिया गया, जो विभिन्न अंतरणों के बाद वर्तमान में किसी अन्य के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है।

### अधिक रकबा किया दर्ज

प्रकरण की जांच में यह पाया गया कि तत्कालीन हल्का पटवारी विनोद कुमार मेश्राम ने अपने शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरतते हुए मूल अधिकार अभिलेख से अधिक रकबा दर्ज किया, जिसके परिणाम स्वरूप अतिरिक्त भूमि शेष होना प्रदर्शित हुई और उसी के आधार पर आगे की राजस्व कार्रवाई संपादित हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तथा विनोद कुमार मेश्राम के विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाही प्रस्तावित होने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत कलेक्टर द्वारा उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उनके विरूद्ध विस्तृत विभागीय जांच संस्थित किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।






## खबर संक्षेप

### नई उम्मीदों के साथ शुरू हुआ शैक्षणिक सफर

**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिल्हाटी में गुरुवार को प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय शंकर गुप्ता, सरपंच अर्जुन साहू, एसएमडीसी सदस्य लिखेंद्र सिंह, हनुमान यदु, गिरिराज, रम्मत पटेल, प्रहलाद, पुनाराम साहू एवं श्रीमती सरिता सोनवान सहित शिक्षक, पालक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। इस अवसर पर कक्षा नवमी एवं दसवीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियो का स्वागत करते हुए उन्हें निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियो को नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षा के महत्व पर प्रेरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# आम महोत्सव, युवा शक्ति के उत्साह व एकजुटता का प्रतीकः भावना

- भारतीय संस्कृति, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है आम : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

पंडरिया विधायक भावना बोहरा के मार्गदर्शन में 3 जुलाई को भाजयुमो, पंडरिया विधानसभा द्वारा आयोजित आम महोत्सव-2026 कनक भवन, पंडरिया में उत्साह, उमंग और संगठनात्मक आत्मीयता के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

महोत्सव में भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में युवा साथियों ने सहभागिता करते हुए संगठनात्मक एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम में युवाओं के लिए विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं, समूह खेलों, संवाद सत्रों एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया। आयोजन के दौरान सभी ने आम की विभिन्न किस्मों एवं स्वादों का आनंद लिया। भारी बरसात के बावजूद भी युवाओं में उत्साह देखने को मिला और सभी ने ग्रुप गेम्स में पूरी ऊर्जा के साथ सहभागिता करते हुए पुरस्कार भी जीते।



### युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी किया प्रेरित

भावना बोहरा ने कहा कि फलों का राजा कहे जाने वाला आम भारतीय संस्कृति, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। यह केवल एक फल नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति में आम के पेड़ का अत्यंत महत्व है। आम की पत्तियों और लकड़ियों का भी हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है। हमारे घरों में मांगलिक कार्य होने पर हम आम की पत्तियों से तोरण बनाते है एवं आम की सूखी लकड़ियों का उपयोग हवन एवं पूजा में करते है। हमारी संस्कृति हमें प्रकृति के प्रति सम्मान, संरक्षण और संतुलित जीवन का संदेश देती है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी प्रेरित किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत व किसानों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो सार्थक प्रयास और जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, उसे जन-जन तक पहुंचाने में भी भाजपा युवा मोर्चा के साथियों का विशेष योगदान और सहयोग रहा है।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भाजपा का सबसे बड़ा सामर्थ्य उसके समर्पित कार्यकर्ता और ऊर्जावान युवा हैं। संगठन तभी सशक्त बनता है, जब कार्यकर्ताओं के बीच आत्मीय संवाद, विश्वास और पारिवारिक वातावरण विकसित होता है। आम महोत्सव-2026 इसी भावना को सुदृढ़ करने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि युवा केवल राजनीतिक परिवर्तन के वाहक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने, संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने तथा सकारात्मक ऊर्जा के साथ समाज के बीच कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। भाजपा का संगठन परिवार की भावना से कार्य करता है। कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय, संवाद और अपनत्व ही संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है। भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को समाज सेवा, राष्ट्रहित और संगठन की विचारधारा से निरंतर जोड़ा जाएगा।

## विरोधः गरीबों के घर तोड़ने वाली सरकार को जनता माफ नहीं करेगीः नवीन जायसवाल

# भाजपा ने गरीबों के सपनों पर चलाया बुलडोजर, कांग्रेस ने किया पुतला दहन

- मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को नकटी गांव के 85 गरीब परिवारों के मकान तोड़े जाने के विरोध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झूमाझटकी भी हुई, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता गरीबों को न्याय दिलाने की मांग पर डटे रहे।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार कभी गरीबों, किसानों और आम जनता की हितैषी नहीं हो सकती। रायपुर जिले के ग्राम नकटी में विधायक कॉलोनी बनाने के नाम पर 85 गरीब परिवारों को बेघर कर देना अमानवीय और अन्यायपूर्ण है। बरसात के बीच लोगों के सिर से छत छीन लेना संवेदनहीन शासन का सबसे बड़ा उदाहरण है। किसी का घर टूटता है तो केवल दीवारें नहीं गिरतीं, बल्कि बच्चों के सपने, बुजुर्गों का सहारा और पूरे परिवार का भविष्य भी मलबे में दब जाता है।

उन्होंने कहा कि यही मामला पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी आया था, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गरीबों की बस्ती उजाड़कर विधायकों के आवास बनाने से साफ इनकार कर दिया था। उस समय आवास एवं पर्यावरण विभाग के मंत्री रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर के समक्ष भी यह विषय आया था, लेकिन गरीबों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बस्ती को नहीं हटाया गया। जबकि नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 50 से अधिक ऐसे स्थान उपलब्ध हैं, जहां विधायक कॉलोनी बनाई जा सकती है। नवीन जायसवाल ने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने स्वयं जानकारी दी थी और मंत्री ओपी चौधरी ने नकटी गांव को चिन्हांकित किए जाने का उल्लेख किया था। इससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से गरीबों को उजाड़ने का निर्णय लिया। किसी भी संवेदनशील सरकार की पहचान गरीबों का पुनर्वास होती है, न कि बुलडोजर चलाकर उन्हें बेघर करना। कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि नकटी गांव के 85 प्रभावित परिवारों को सम्मानजनक पुनर्वास और न्याय नहीं मिला, तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में चरणबद्ध जनआंदोलन तेज करेगी। गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी। इस दौरान जिले के कांग्रेस पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं उपस्थित थें।







### प्रभावित परिवारों को तत्काल न्याय की मांग

जिला महामंत्री मनीष शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की बुलडोजर कार्रवाई गरीब परिवारों पर सरकारी दमन का प्रतीक बन गई है। बरसात के मौसम में लोगों के घर तोड़ना अमानवीय कृत्य है। कांग्रेस इस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करती है और प्रभावित परिवारों को तत्काल न्याय एवं पुनर्वास देने की मांग करती है।

### भाजपा की नीतियों का दुष्प्रभाव महिला व बच्चों पर

महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा अनंत ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है। बरसात के बीच परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं और छोटे-छोटे बच्चे भोजन व सुरक्षा के लिए तरस रहे हैं। यह किसी भी लोकतांत्रिक और संवेदनशील सरकार के लिए शर्मनाक स्थिति है।

# माकरी-गिरधारी कापा मार्ग जर्जर व बदहाल



- भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों द्वारा जिला कलेक्टर को माकरी से गिरधारी कापा तक जाने वाले मुख्य मार्ग की अत्यंत जर्जर एवं बदहाल स्थिति को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सड़क की शीघ्र मरम्मत एवं बड़े-बड़े गड्ढों की तत्काल भराई कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि लंबे समय से सड़क की स्थिति खराब होने के कारण आम नागरिकों, ग्रामीणों एवं राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से स्कूली बच्चों को अत्यधिक दिक्कत हो रही है, क्योंकि खराब सड़क के कारण स्कूल वाहन इस मार्ग पर आने से बच रहे हैं। वहीं सायकिल एवं पैदल स्कूल जाने वाले बच्चों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा लगातार बना हुआ है। जिस पर भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए मार्ग का शीघ्र निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

इस दौरान भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के सह संस्थापक आरके डहरिया, प्रदेशाध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी, प्रदेश कार्य प्रभारी जयप्रकाश पोर्ते, जिलाध्यक्ष अजय बघेल, जिला कार्य अध्यक्ष सेतु कोसले, जिलाध्यक्ष युवा विंग उमेद चेल्कर, जिला उपाध्यक्ष युवा संजू पोर्ते, जिला महासचिव डिकेश सत्यवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष पंडरिया राजेश कुर्रे, अश्विन भट्ट, अनिल, रामदास कोसले एवं लक्ष्मीनारायण डाहिरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें।

# नए सत्र के पहले दिन लायंस क्लब ने किया डॉक्टरों व सीए का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लायंस इंटरनेशनल के सत्र 2026-27 के पहले दिन 1 जुलाई बुधवार को डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ने अवकाश प्राप्त प्राचार्य आरपी सिंह के पुत्र व पुत्री डॉ नवनीत सिंह ठाकुर, डॉ रूपाली सिंह ठाकुर तथा कारोबारी उमाशंकर गुप्ता की पुत्री चार्टर्ड अकाउंटेंट सुश्री जान्हवी गुप्ता को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि इस सत्र के अध्यक्ष लायन आनंदप्रकाश दानी, सचिव लायन हरीश गाँधी तथा लायन सदस्य बीआर चन्द्रवंशी व बद्री प्रसाद चन्द्रवंशी इस वक्त लायन इंटरनेशनल के वार्षिक अधिवेशन में भाग लेने हांगकांग में हैं। हांगकांग में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी का शपथ ग्रहण भी होना है। इस अधिवेशन में छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के 70 से अधिक सदस्य शामिल हो रहे हैं। आज के कार्यक्रम में आनरेरी गवर्नर एमजेएफ लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, माइक्रो चेयरपर्सन लायन नीरज मनजीत छाबड़ा, डिस्ट्रिक्ट चैयरपर्सन लायन बीपी गुप्ता, प्रथम उपाध्यक्ष लायन रेखराज मूंदड़ा, सह कोषाध्यक्ष लायन राजकुमार गुप्ता सहित अनेक लायंस उपस्थित थे।

# सेवानिवृत शिक्षक को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

शिक्षा के क्षेत्र में लगभग चार दशकों तक अपनी निष्ठा, अनुशासन एवं सेवाभाव से विद्यार्थियों के जीवन को आलोकित करने वाले शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेन्हाभाठा के प्रधान पाठक मनहरण लाल मानिकपुरी के सेवानिवृत्ति अवसर पर उनके समस्त परिवार द्वारा आयोजित भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह ने उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। यह आयोजन केवल एक विदाई नहीं, बल्कि एक कर्मयोगी शिक्षक के प्रति परिवार, समाज और शिक्षा जगत की सामूहिक सम्मान का प्रतीक बन गया। समारोह के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडरिया दीपक ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनहरण लाल मानिकपुरी ने अपने संपूर्ण सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन का जो आदर्श प्रस्तुत किया है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। ऐसे शिक्षक किसी भी संस्था की अमूल्य धरोहर होते हैं। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त व्याख्याता आरके महरा ने कहा कि एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, बल्कि उसके विचार, संस्कार और शिक्षा जीवनभर समाज का मार्गदर्शन करते रहते हैं। श्री मानिकपुरी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। अपने उद्बोधन में शत्रुहन डड़सेना ने कहा कि आज परिवार द्वारा जिस आत्मीयता और सम्मान के साथ यह समारोह आयोजित किया गया है, वह भारतीय संस्कृति के पारिवारिक मूल्यों का उत्कृष्ट योगदान है।

# पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, हरित अभियान से जुड़ने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

नगर में पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में विभिन्न सामाजिक और व्यक्तिगत अवसरों पर पर्यावरण प्रेमियों ने पौधारोपण कर लोगों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्यों ने नए बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर कदम्ब, नीम और अन्य छायादार पौधे रोपित कर अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने की अपील की। पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्य मोहन राजपूत के पिता राजकुमार सिंह ठाकुर ने नए बाजार में कदम्ब का पौधरोपित किया। वहीं समिति के सदस्य एवं प्रधान पाठक एसएल कुर्रे तथा खैरझिटी निवासी व्याख्याता निरंजन जायसवाल ने भी कदम्ब, नीम और कोनाकार्पस के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शिक्षक सुमित पांडेय ने भी नए बाजार में नीम का पौधरोपित कर पौधों के संरक्षण का संकल्प दोहराया। इसी कड़ी में ब्लॉक मुख्यालय के समीप स्थित पूर्व माध्यमिक शाला डोमसरा की प्रधान पाठक कुमुदिनी तिवारी ने अपने पति द्वारिका तिवारी, विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों की उपस्थिति में स्कूल परिसर में कदम्ब का पौधा लगाया। इस दौरान बच्चों को पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का महत्व भी बताया गया। इस अवसर पर मोहन राजपूत, चंद्रप्रकाश राजपूत, गोविंद रजक, राजीव श्रीवास्तव, हमीद खान, ओजस सिंह राजपूत तथा शंकर चन्द्रवंशी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थें।



## ग्रामीणों ने मरम्मत कार्य की उठाई मांग, आवाजाही बाधित

# घोरपेंड्री-बसनी प्रधानमंत्री सड़क बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम घोरपेंड्री से बसनी तक लगभग 1.5 किलोमीटर लंबी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क का गारंटी अवधि का लगभग एक वर्ष शेष होने के बावजूद ठेकेदार द्वारा मरम्मत कार्य नहीं कराया जा रहा है। केवल सूचना बोर्ड की रंगाई-पुताई कर औपचारिकता निभाई गई है, जबकि सड़क की मरम्मत नहीं की गई।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाने से आवागमन और अधिक जोखिमपूर्ण हो गया है। सड़क की हालत ऐसी है कि कई स्थानों पर डामर पूरी तरह उखड़ चुका है। इससे ग्रामीणों, किसानों, वाहन चालकों तथा पैदल चलने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों की परेशानी सबसे अधिक बढ़ गई है। पहली कक्षा से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है। खराब सड़क के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनने वाली सड़कों का ठेकेदार को निर्धारित अवधि तक रखरखाव करना होता है। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं कराया जाना गंभीर लापरवाही है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मामले का संज्ञान लेकर तत्काल सड़क की मरम्मत कराने तथा संबंधित ठेकेदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
- TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### सीसी रोड निर्माण की मिली स्वीकृति



**कवर्धा।** पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की अनुशंसा पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा पंडरिया विधानसभा के ग्राम सैहामालगी में मेन रोड से नदी तक सीसी रोड निर्माण कार्यों के लिए 09 लाख 4 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए जनपद पंचायत पंडरिया को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है।

### चार परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार विपत्ति ग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत ग्राम किशुनगढ़ निवासी रमेश कुमार मोहल की नाला में डूबने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके भाई लवसिंह को, ग्राम जामुनपानी निवासी गंगाराम की आग में जलने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनकी पत्नी प्रेमबती को, ग्राम चोरभट्ठी निवासी ईमलाबाई की नाला में डूबने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पति झंगलू गोंड को ग्राम छिरपानी निवासी पिन्टू की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पिता परमेश्वर साहू को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### जिला अस्पताल में हो रहा दंत रोग का इलाज

**कवर्धा।** जिला चिकित्सालय कबीरधाम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों को आधुनिक, विशेषज्ञ एवं गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यहां दांत एवं मुख रोगों के सामान्य से लेकर जटिल मामलों का सफलतापूर्वक उपचार किया जा रहा है। विशेषज्ञ सेवाओं के विस्तार से जिले के मरीजों को अब कई प्रकार के उपचार स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे उन्हें बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ रहा है।

# उफनती नदी में फंसी यात्रियों से भरी माजदा, बाल-बाल बचे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं और वनांचल क्षेत्रों में आवागमन प्रभावित हो रहा है। इसी बीच पंडरिया विकासखंड के कुकदूर-पटपर मार्ग स्थित ढोलढोली नदी के रपटा पर गुरुवार शाम बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

यात्रियों से भरी एक माजदा वाहन तेज बहाव के बीच रपटा पार करने के दौरान नदी के बीचों-बीच फंस गई। वाहन में सवार महिलाओं और बच्चों समेत करीब 25 से 30 यात्रियों की जान उस समय संकट में पड़ गई, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी जान जोखिम में डालकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के वनांचल एवं पहाड़ी क्षेत्रों में बीते दो-तीन दिनों से लगातार तेज बारिश हो रही है।

इसके कारण कुकदूर से पटपर होते हुए सिंदूरखार और बेलकी जाने वाले मार्ग पर स्थित ढोलढोली नाला का जलस्तर लगातार बढ़ा हुआ है। नाला पर बना रपटा इस बारिश के मौसम में चार से पांच बार जलमग्न हो चुका है, जिससे इस मार्ग पर आवागमन बार-बार बाधित हो रहा है। बताया जाता है कि गुरुवार शाम जलस्तर बढ़ने के बावजूद एक माजदा वाहन चालक ने यात्रियों से भरा वाहन रपटा पार कराने का प्रयास किया। जैसे ही वाहन नाला के बीच पहुंचा, तेज बहाव के कारण उसका इंजन बंद हो गया। पानी का दबाव लगातार बढ़ने से वाहन बहकर नाला के गहरे हिस्से की ओर खिसकने लगा। यह दृश्य देखते ही वाहन में सवार महिलाओं, बच्चों और अन्य यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर नाला किनारे मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे। बिना किसी संसाधन की परवाह किए कई ग्रामीण उफनते नाला में उतर गए और साहस का परिचय देते हुए एक-एक कर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। ग्रामीणों की तत्परता और सूझबूझ के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह हादसा प्रशासन और वाहन चालकों के लिए भी एक गंभीर चेतावनी बन गया है।

लगातार बारिश के कारण जिले के कई ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में पुल-पुलिया एवं रपटों के ऊपर पानी बहने की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में प्रशासन द्वारा लोगों से जलमग्न रपटों और पुलों को पार नहीं करने की अपील की जा रही है।



**प्रशासन की अपील जलमग्न रपटा पार करने से बचें**

बारिश के दौरान नदी-नालों का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है। ऐसे में प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी स्थिति में पानी से डूबे रपटा, पुल या पुलिया को पार करने का प्रयास न करें। वहीं वाहन चालकों को भी यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जोखिम भरे निर्णय लेने से बचने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने ग्रामीणों से भी अपील की है कि ऐसे स्थानों पर लोगों को जागरूक करें और किसी भी आपात स्थिति की तत्काल सूचना संबंधित विभाग को दें।

### बरसात में पांचवीं बार डूबा ढोलढोली नदी का रपटा

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार कुकदूर-पटपर मार्ग पर स्थित ढोलढोली नाला का रपटा इस मानसून में चार से पांच बार जलमग्न हो चुका है। नाला में पानी बढ़ते ही सिंदूरखार, बेलकी सहित आसपास के कई गांवों का संपर्क प्रभावित हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष बारिश में यही स्थिति बनती है, लेकिन अब तक स्थायी पुल निर्माण नहीं होने से लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता है।

**हादसा : विद्युत विभाग की बदइंतजामी का खामियाजा भुगत रहे लोग**

# बिजली पोल के अर्थिंग तार में फैला करंट, बच्चे की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था को देखते हुए वर्षाकाल के दौरान जिस प्रकार की जीवलेवा दुर्घटना का अंदेशा काफी पहले से जताया जा रहा था वह अब बारिश शुरू होने के साथ ही हकीकत का रूप लेने लगी है।

जिसका खामियाजा जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम नागाटोला माठपुर निवासी एक आठ वर्षीय बच्चे को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। कहना गलत नहीं होगा कि विद्युत विभाग की घोरलापरवाही, अनदेखी और बारिश पूर्व सुरक्षा के माकूल इंतजाम नहीं किए जाने के कारण एक गरीब परिवार ने अपने घर के चिराग को खो दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम नागाटोला माठपुर निवासी 8 वर्षीय श्रवण बैगा अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था।

इसी दौरान वह बिजली पोल के अर्थिंग तार के संपर्क में आ गया। तार में करंट होने के कारण उसे जोरदार झटका लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की जानकारी दूसरे बच्चों ने श्रवण के परिजनो को दी और देखते ही देखते घटना स्थल में पूरा गांव एकत्र हो गया। बाद में घटना से पुलिस को अवगत कराया गया।

घटना की सूचना मिलते ही कुकदुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं इस बात की जानकारी जुटाई जा रही है कि आखिर अर्थिंग तार में करंट कैसे प्रवाहित हुआ है।



### ग्रामीणों ने लगाए लापरवाही के आरोप

घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि विद्युत व्यवस्था का नियमित निरीक्षण और रखरखाव किया जाता, तो इस तरह की दर्दनाक घटना टाली जा सकती थी। फिलहाल कुकदुर पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहे हैं। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि हादसे के पीछे तकनीकी खराबी थी या किसी स्तर पर लापरवाही हुई। पुलिस प्रशासन का कहना है कि यदि जांच में किसी की जिम्मेदारी तय होती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। अब देखने वाली बात होगी की यह कार्यवाही कब तक हो पाएगी।

# झमाझम बारिश से खिले लोगों के चेहरे

- जिले के वनांचल क्षेत्र में लगातार हो रही झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

अच्छी बारिश की राह देख रहे किसानों को कल शाम से रुक- रुक कर लगातार हो रही झमाझम बारिश से राहत मिली है और अभी तक के मौसम के रुख को देखते हुए उनके भीतर का भय भी दूर हुआ है।



अमूमन जून के प्रथम से लेकर दूसरे सप्ताह तक बारिश की शुरुआत हो जाती है किंतु इस साल पूरा जून महीना बीत जाने के बाद भी अंचल में एक दिन भी ढंग की बारिश नहीं होने से जहां भीषण गर्मी और उमस से जनजीवन बेहाल था वहीं धान की फसल के लिए खेतों की जुताई से लेकर खाद, बीज का इंतजाम कर के पानी का इंतजार कर रहे किसानों के भीतर अकाल की आशंका उन्हें भयाक्रांत कर रही थी। लेकिन कल 2 जुलाई की शाम चली पुरवाई हवाओं ने ऐसा शमा बांधा कि गहराते अंधेरे के साथ बहुप्रतीक्षित बरसात की वह रात भी आ गई जिसने न केवल धरती को संतृप्त किया है बल्कि जनमानस से लेकर पशु पक्षियों और जीव जंतुओं को भी राहत दी है।

मिली जानकारी के अनुसार पंडरिया के उत्तरी छोर में फैले पूरे वनांचल में झमाझम बारिश हो रही है। जबकि बीते 15 दिनों से थोड़ी बहुत यहां वहां खंड वर्षा की स्थिति बनी हुई थी जिससे न केवल किसानों में असमंजस और उहापोह बनी हुई थी बल्कि आम जनजीवन भी उमस भरी गर्मी से हलाकान हो रहा था। बहरहाल अंचल में कल से बदले हुए मौसम के साथ हो रही बरसात को लोग सभी के लिए सकून की बारिश मान रहे हैं।

# गांवों में पहुंचकर जिला पंचायत सीईओ ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

- विकसित भारत जी राम जी योजना अंतर्गत चल रहे कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण में चल रहे कार्यों को देखने के लिए सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल विकासखंड सहसपुर लोहारा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुँच कर कार्य की गुणवत्ता एवं भौतिक प्रगति को दिखा।

योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत कारेसरा में निजी डबरी निर्माण कार्य का अवलोकन कर हितग्राही चतुर सिंह पिता राम सिंह से चर्चा करते हुए मत्स्य पालन की गतिविधियों एवं आजीविका समर्थन पर बात की गई। निजी डबरी से सिंचाई,भू-जल स्तर एवं जल संरक्षण पर भी चर्चा किया गया। हितग्राहियों को बताया गया कि विकसित भारत जी राम जी योजना से अब पंजीकृत परिवारों को 125 दिनों का रोजगार मिलेगा साथ ही प्रति दिवस कार्य पूरा करने पर 300 रुपए का मजदूरी भुगतान दिया जाएगा।

सीईओ ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत कुटकीपारा पहुंचकर ग्रे वॉटर रिचार्ज पिट एवं चेक डैम निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कार्य के उपयोगिता की जानकारी ली गई। सीईओ श्री अग्रवाल ने ग्राम पंचायत सारी में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित सीईओ जनपद पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा समय पर कार्य पूरा करें। इस दौरान चेक डैम एवं रिटर्निंग वॉल सहित अन्य कार्य का निरीक्षण कर मैदानी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# 24.50 लाख के विकास व निर्माण कार्य स्वीकृत

- उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर कार्य स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा कवर्धा विधानसभा के अलग-अलग ग्रामों में निर्माण कार्यों के लिए 24 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।



निर्माण कार्य के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी कवर्धा और पिपरिया, जनपद पंचायत कवर्धा, सहसपुर लोहारा को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा की अनुशंसा से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चीमागोंदी में कांक्रीटीकरण के लिए 1 लाख रूपए, ग्राम सोनपुर में सामुदायिक भवन मरम्मत कार्य महामाया मंदिर पास के लिए 2 लाख 50 हजार, ग्राम छिरहा में मुरूम सड़क निर्माण के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम सुखाताल के स्कूल के पास सड़क निर्माण कार्य के लिए 50 हजार रूपए, कवर्धा शहर के वार्ड 10 दुर्गा मंदिर के पास मंच निर्माण के लिए 3 लाख 50 हजार रूपए, आनंद विहार कॉलोनी में मंच निर्माण के लिए 3 लाख रूपए, मुख्यमार्ग से डाकोर मिश्रा तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, नगर पंचायत पिपरिया के वार्ड 15 ठाकुर देव वार्ड में पेयजल व्यवस्था के लिए 6 लाख रूपए और ग्राम पंचायत नेउरगांवखुर्द में सामुदायिक भवन मरम्मत के लिए 1 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। इस कार्यों के मूर्त रूप लेने से इसका सीधा लाभ लोगों को मिलेगा।

# भीमभौरी में अवैध वृक्ष कटाई एवं लकड़ी परिवहन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

- विभागों की संयुक्त कार्रवाई में ट्रक और क्रेन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रेंगाखार तहसील अंतर्गत ग्राम भीमभौरी में आम के वृक्षों की अवैध कटाई एवं लकड़ी के अवैध परिवहन के मामले में राजस्व, वन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 12 आम के वृक्ष अवैध रूप से कटे हुए पाए गए तथा लकड़ी परिवहन में प्रयुक्त एक ट्रक एवं एक क्रेन को जब्त कर पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार प्रेमनारायण साहू को ग्राम भीमभौरी में अवैध रूप से वृक्ष कटाई की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान ग्राम भीमभौरी के खसरा क्रमांक 108 में 12 नग आम के वृक्ष कटे हुए पाए गए तथा लकड़ियों को परिवहन के लिए तैयार किया जा रहा था।



निरीक्षण के दौरान कटे हुए लठ्ठों पर वन विभाग की मुहर अंकित दिखाई दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग को सूचित किया गया। मौके पर पहुंचे डिप्टी रेंजर भूपेंद्र कुमार द्वारा मुहर का सत्यापन किए जाने पर वह फर्जी पाई गई। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि अवैध लकड़ी को वैध दर्शाने के उद्देश्य से वन विभाग की नकली सील का उपयोग किया गया था। प्रारंभिक जांच में यह भी जानकारी सामने आई कि कटे हुए आम के लठ्ठों को मध्य प्रदेश के इंदौर भेजने की तैयारी की जा रही थी।

समय रहते प्रशासन की कार्रवाई से अवैध परिवहन को रोक दिया गया। मौके पर वन विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में विधिवत पंचनामा एवं जब्ती की कार्रवाई की गई। मामले की विस्तृत जांच जारी है तथा अवैध वृक्ष कटाई, फर्जी सील के उपयोग एवं लकड़ी तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**भोरमदेव मंदिर भ्रमण के साथ मिलेगा प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत का अनुभव**

# भोरमदेव में प्रकृति का रोमांच, 4 जुलाई से शुरू होगी इको ट्रेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रकृति, वन्यजीव एवं सांस्कृतिक विरासत को करीब से जानने और अनुभव करने के उद्देश्य से भोरमदेव ईको ट्रेल 2026 का शुभारंभ 4 जुलाई 2026 से किया जा रहा है। यह विशेष ईको ट्रेल प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को भोरमदेव अभ्यारण के करियामा गेट स्थित भोरमदेव ईको कैंप से संचालित होगी। जुलाई के बाद हर शनिवार और रविवार को इसका संचालन किया जाएगा।

वन मंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि ईको ट्रेल के दौरान प्रतिभागियों को अनुभवी नेचर गाइड के साथ भोरमदेव के मनमोहक वनों का भ्रमण कराया जाएगा। इस दौरान वे विभिन्न प्रकार के वृक्षों एवं औषधीय पौधों की जानकारी प्राप्त करेंगे, पक्षियों एवं तितलियों का अवलोकन करेंगे तथा वन्यजीवों की उपस्थिति के संकेतों की पहचान करना सीखेंगे। साथ ही प्रकृति संरक्षण, जैव विविधता और जिम्मेदार ईको-पर्यटन के महत्व से भी परिचित कराया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8 बजे करियामा गेट स्थित भोरमदेव ईको कैंप में प्रतिभागियों की रिपोर्टिंग से होगा। स्वागत एवं परिचय के बाद जंगल ट्रेक प्रारंभ किया जाएगा।

दोपहर में भोजन, प्रकृति व्याख्या एवं सहभागिता गतिविधियों का आयोजन होगा। ट्रेल का समापन विश्व प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर के भ्रमण के साथ किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को क्षेत्र की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का समग्र अनुभव प्राप्त होगा। इस ईको ट्रेल में भाग लेने हेतु प्रतिभाग शुल्क 1 हजार प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है। सीटें सीमित होने के कारण इच्छुक प्रतिभागियों से समय रहते पंजीकरण कराने का आग्रह किया गया है।

अधीक्षक श्रीमती अनिता साहू केशरवानी ने अधिक से अधिक प्रकृति प्रेमियों, विद्यार्थियों, युवाओं एवं पर्यटकों से इस अनूठी पहल का हिस्सा बनने की अपील की है। भोरमदेव ईको ट्रेल 2026 का उद्देश्य लोगों को प्रकृति के निकट लाना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा भोरमदेव क्षेत्र में जिम्मेदार ईको-पर्यटन को प्रोत्साहित करना है।

### क्यूआर स्कैन कर कराएं पंजीयन


भोरमदेव वन्यजीव अभ्यारण्य में आयोजित होने वाली ईको ट्रेल में शामिल होने के इच्छुक प्रकृति प्रेमी भोरमदेव जंगल सफारी के लिए जारी क्यूआर (बारकोड) स्कैन कर अपना पंजीयन कर सकते हैं। वन विभाग द्वारा प्रतिभागियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गई है। इच्छुक प्रतिभागी अपने मोबाइल फोन से क्यूआर कोड को स्कैन कर निर्धारित शुल्क का भुगतान करते हुए अपना पंजीयन पूर्ण कर सकते हैं।




### ईको ट्रेल कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8 बजे

ट्रेकिंग के दौरान प्रतिभागियों को वैध फोटो पहचान पत्र, आरामदायक ट्रैकिंग, स्पोर्ट्स जूते, हल्का बैग, पानी की बोतल, टोपी या कैप, धूप का चश्मा, रेनकोट, व्यक्तिगत दवाइयां, कैमरा या दूरबीन (वैकल्पिक) रख सकते है। ईको ट्रेल कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8 बजे भोरमदेव ईको बेस कैंप में प्रतिभागियों के आगमन एवं स्वागत के साथ होगा। इसके बाद 8.15 बजे पंजीयन, सुरक्षा संबंधी जानकारी एवं ट्रेल परिचय दिया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को वन भ्रमण के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया जाएगा। सुबह 8.30 बजे प्रशिक्षित प्रकृति विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में वन भ्रमण प्रारंभ होगा।

# कबीरधाम जिले में अब तक 75.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में एक जून से आज तक 75.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 95.6 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 47.1 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 89.9 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 47.2 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 29.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 31.2 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 170.0 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 96.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

03 जुलाई की स्थिति में पिछले चैबीस घंटे में जिले में 13.0 मिलीमीटर वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 26.8 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 11.3 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 8.4 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 2.6 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 5.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 9.8 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 18.4 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 21.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।